

# बड़ौदा की दमदार जीत

## हार्दिक पंड्या के ऑलराउंड खेल से पंजाब 7 विकेट से परास्त




**पंड्या ने 42 गेंदों में 77 रन ठोकते हुए बड़ौदा को 19.1 ओवर में जीत दिलाई**

**अभिषेक शर्मा और अनमोलप्रीत की पारियां पंजाब के काम नहीं आई**

**गोवा और त्रिपुरा ने भी अपने-अपने मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की**

**नई दिल्ली 2 दिसम्बर. हैदराबाद में मंगलवार को खेले गए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप सी मुकाबले में हार्दिक पंड्या ने अपने ऑलराउंड कौशल की झलक दिखाते हुए बड़ौदा को पंजाब के खिलाफ सात विकेट से यादगार जीत दिलाई।**

पंड्या ने न सिर्फ गेंदबाज़ी में एक विकेट लिया बल्कि 42 गेंदों में नाबाद 77 रन ठोककर टीम को 223 रनों जैसा बड़ा लक्ष्य भी आसानी से पार करा दिया। इस प्रदर्शन ने साफ कर दिया कि जब पंड्या लय में हों, तो किसी भी लक्ष्य को हासिल करना मुश्किल नहीं रहता। पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 222 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। कप्तान अभिषेक शर्मा ने महज 19 गेंदों में 50 रन जड़कर बड़ौदा के गेंदबाज़ों पर दबाव बनाया। उनकी पारी में पांच चौके और चार छक्के शामिल थे, जिसने पंजाब को शुरुआती गति दी। वहीं, अनमोलप्रीत सिंह ने 32 गेंदों में 69 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली, जिसमें सात चौके और चार छक्के शामिल थे। इन दोनों बल्लेबाज़ों ने मिलकर बड़ौदा के गेंदबाज़ों के लिए मुश्किल खड़ी कर दी थी। नमन धीर ने 39 रनों का योगदान दिया, जबकि प्रभसिमरन सिंह, नेहाल वढेरा और सनवीर सिंह ने 16-16 रन जोड़कर स्कोर को 222 तक पहुंचाया।

### पड़िक्कल के शतक से कर्नाटक की बड़ी जीत

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप डी मुकाबले में मंगलवार का दिन कर्नाटक के नाम रहा, जब टीम ने बल्लेबाज़ी और गेंदबाज़ी—दोनों विभागों में दमदार प्रदर्शन करते हुए तमिलनाडु को 145 रनों से करारी शिकस्त दी। देवदत्त पड़िक्कल की नाबाद शतकीय पारी और कर्नाटक के गेंदबाज़ों की सामूहिक आक्रामकता ने मुकाबले को पूरी तरह एकतरफा बना दिया। 246 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी तमिलनाडु की टीम कर्नाटक के गेंदबाजी प्रहार के सामने टिक ही नहीं सकी और मात्र 14.2 ओवर में 100 रन पर सिमट गई। यह हार न केवल बड़ी थी, बल्कि तमिलनाडु की बल्लेबाज़ी की कमजोरियां भी उजागर करती है। कर्नाटक ने टॉस हारने के बावजूद पहले बल्लेबाज़ी करते हुए शानदार शुरुआत की। सलामी जोड़ी बी.आर. शरत और मयंक अग्रवाल ने तेज़ और जोखिम भरी बल्लेबाज़ी के साथ शुरुआती ओवरों में तेज़ गति से रन बटोरे। दोनों ने मिलकर 69 रन की ठोस साझेदारी की, जिसने टीम को बड़ा स्कोर खड़ा करने की नींव दी। छठे ओवर में तमिलनाडु को पहली सफलता मिली जब मयंक अग्रवाल 24 रन बनाकर आउट हुए। लेकिन उनकी यह पारी टीम को तेज़ शुरुआत दिलाने में सफल रही। इसके बाद आने वाले ओवरों में कर्नाटक ने रनगति को धीमा नहीं पड़ने दिया। बी.आर. शरत लगातार आक्रामक शॉट खेलते रहे और सिर्फ 24 गेंदों में 53 रन ठोक डाले, जिसमें चार चौके और चार छक्के शामिल थे।

गोवा ने मध्यप्रदेश को सात विकेट से मात दी। मध्यप्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 170 रन बनाए। जवाब में गोवा ने कप्तान सुयश प्रभुदेसाई की 50 गेंदों में नाबाद 75 रन की दमदार पारी की बदौलत 18.3 ओवर में तीन विकेट पर 171 रन बनाकर मैच जीत लिया। त्रिपुरा और दिल्ली के बीच खेले गए मुकाबले में त्रिपुरा ने दिल्ली को 12 रनों से हराकर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। त्रिपुरा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 157 रन का स्कोर बनाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली ने कई मौके गंवाए और निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 145 रन बनाकर मैच 12 रनों से हार गई।



## चोटिल ख्वाजा गाबा टेस्ट से हुये बाहर

**गाबा 2 दिसंबर** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज पीठ की चोट के कारण गुरुवार को शुरु होने वाले दूसरे एशेज टेस्ट से बाहर हो गये है। ख्वाजा की जगह अभी किसी अन्य बल्लेबाज का चयन नहीं किया गया है। ऐसा माना जा रहा है कि जॉश इंग्लिस और ब्यू वेबस्टर की ऑस्ट्रेलियाई एकादश में वापसी हो सकी है। ख्वाजा ने मंगलवार को थोड़ी देर अभ्यास किया और इस दौरान उन्हें तकलीफ हो रही थी। वह अभी पूरी तरह से ठीक नहीं हुए हैं। यह देखना बाकी है कि उनकी जगह कौन ओपनिंग करेगा। मार्नस लाबुशेन ने पर्थ टेस्ट की पहली पारी में ओपनिंग की थी, जबकि ट्रैविस हेड ने दूसरी पारी की शुरुआत की थी।

राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को बड़ी राहत

# यूपी सरकार ने 'ड्यूटी' नियम किया स्पष्ट

**कैबिनेट के फैसले से खिलाड़ियों की अनुमति प्रक्रिया आसान**

**प्रतियोगिता, ट्रेनिंग और आवागमन—सभी अवधि 'ड्यूटी' मानी जाएगी**

**लखनऊ, 2 दिसंबर।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को एक बड़ी प्रशासनिक राहत दी है। सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब खिलाड़ी जब भी किसी राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता, प्रशिक्षण शिविर (कैंप) या खेल से जुड़ी अन्य आधिकारिक गतिविधियों में शामिल होंगे, तो उस पूरी अवधि को उनके 'सेवा काल' यानी 'ड्यूटी' के रूप में माना जाएगा।

खास बात यह है कि इसमें प्रतियोगिता या कैंप तक आने-जाने का समय भी शामिल होगा। सरकार के इस फैसले ने न सिर्फ खिलाड़ियों की लंबे समय से चली आ रही अनुमति संबंधी समस्याओं को खत्म किया है, बल्कि उनके करियर विकास का रास्ता भी साफ किया है। कैबिनेट बैठक के बाद वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अब तक 'अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली-2022' में इस बारे में कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं था। सेवा नियमावली में प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए अवकाश के संबंध में स्पष्ट व्यवस्था न होने के कारण खिलाड़ियों को विभागीय अनुमति के लिए बार-बार प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता था। कई बार अनुमति में देरी से उनकी तैयारी, सहभागिता और मनोबल पर असर पड़ता था। सरकार ने खिलाड़ियों की इन वास्तविक दिक्कतों को देखते हुए नई प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि नयी व्यवस्था के तहत यदि राज्य का कोई नियुक्त खिलाड़ी किसी राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता, ट्रेनिंग कैंप या संबंधित कार्यक्रम में भाग लेता है, तो उसकी पूरी अवधि ड्यूटी मानी जाएगी। खिलाड़ी को अब न तो लंबी अनुमति प्रक्रिया से गुजरना होगा और न ही अवकाश का बोझ झेलना पड़ेगा।



# सीरीज में अजेय बढ़त के लिए उतरेगी टीम इंडिया

## भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा एक दिवसीय आज



**रायपुर, 2 दिसंबर** पहले एक दिवसीय में जबरदस्त प्रदर्शन के बाद भारत बुधवार को शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले जाने वाले दूसरे मैच में जीत दर्ज कर सीरीज में अजेय बढ़ाने उतरेगा। वहीं पिछले मैच में संघर्षपूर्ण प्रदर्शन करनी वाली दक्षिण अफ्रीका के तीन मैचों की सीरीज में बराबरी का अवसर होगा।

पहले मैच में विराट कोहली के 135 रन सिर्फ एक आंकड़े से कहीं अधिक थे। यह पारी को गति देने, हालात को समझने और साझेदारी संभालने का एक मास्टरक्लास था। रोहित शर्मा का लगातार योगदान और केएल राहुल की जरूरत पड़ने पर तेजी से रन बनाने की काबिलियत भारत की बल्लेबाजी लाइनअप की गहराई और अनुभव को दिखाती है। यशस्वी जायसवाल और रुतुराज गायकवाड़ जैसे युवा प्रतिभाशाली शीर्षक्रम और मध्यम क्रम में जोश भरते हैं। दक्षिण अफ्रीका की बात करे तो उसने रांची के हाई-स्कोरिंग कंडीशंस में मजबूती दिखाई। क्विंटन डी कॉक शीर्षक्रम में खतरा बने हुए हैं, जिनमें पारी की रफ़्तार तय करने में काबिल हैं। मैथ्यू ब्रीट्जके, मार्को यानसन और कॉर्बिन बॉश ने दिखाया कि निचले क्रम में साझेदारी कर मैच का पासा पलट सकती हैं, जिससे दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट की गहराई और अप्रत्याशित पर दबाव पड़ता है।

# भारत ने नामीबिया को 13-0 से हराया

**सैंटियागो (चिली, 2 दिसंबर भारतीय टीम ने पूल सी के अपने पहले मैच में नामीबिया को 13-0 से रौंद कर महिला एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप 2025 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।**

**▸ जूनियर महिला विश्व कप**

सेंट्रो डेपोर्टिवो डे हॉकी सेस्पेड एस्टाडियो नैशनल में खेले गये मुकाबले में भारतीय टीम के लिए कनिका सिवाच ने (12वें, 30वें, 45वें) मिनट और हिना बानो (35वें, 35वें, 45वें) मिनट में शानदार हैट्रिक लगाकर स्कोरिंग में सबसे आगे रहीं, जबकि साक्षी राणा ने (10वें, 23वें) मिनट में दो गोल किए।

भारत के शानदार प्रदर्शन में बिनिमा धन ने (14वें), सोनम ने (14वें), साक्षी शुक्ला ने (27वें), इशिका ने (36वें), और मनीषा ने (60वें) मिनट में एक-एक गोल किया। भारत ने शुरू में ही लय बना ली और विपक्षी टीम पर लगातार दबाव बनाए रखा। 10वें मिनट में सफलता मिली जब साक्षी राणा ने एक तेज रिवर्स फ्लिक से गोल किया। कनिका सिवाच ने जल्द ही एक जबरदस्त फिनिश के साथ अपना दूसरा गोल किया। इससे पहले बिनिमा धन और सोनम के तेज स्ट्राइक ने पहले क्वार्टर के आखिर तक स्कोर 4-0 कर दिया।

दूसरे क्वार्टर में भी एकतरफा मुकाबला जारी रहा जब राणा ने अपना दूसरा गोल किया, और साक्षी शुक्ला ने पेनल्टी-कॉर्नर ड्रैगफ्लिक को गोल में बदला। सिवाच ने हाफ-टाइम से ठीक पहले एक और गोल करके बढ़त को 7-0 कर दिया। भारत ने तीसरे क्वार्टर में भी उसी लय के साथ शुरुआत की। हिना बानो ने जल्दी-जल्दी दो गोल किए, जिसमें एक टॉप-कॉर्नर फिनिश भी शामिल था, इसके बाद इशिका ने एक रिबाउंड पर गोल करके स्कोर डबल-डिजिट तक पहुंचाया। बानो ने पेनल्टी-कॉर्नर डिफ्लेक्शन से अपनी हैट्रिक पूरी की और सिवाच ने कुछ ही पल बाद अपनी हैट्रिक पूरी करके स्कोर को आखिरी क्वार्टर में 12-0 कर दिया। कई रोटेशन के बावजूद, भारत का दबदबा बना रहा और मनीषा के आखिरी पेनल्टी-कॉर्नर पर किए गए गोल ने 13-0 की जीत पूरी की। भारतीय टीम बुधवार को अपने अगले ग्रुप-स्टेज मैच में जर्मनी भिड़ेगी।



# इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन स्मिथ का निधन

**लंदन 2 दिसंबर** इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन स्मिथ का 62 साल की उम्र में निधन हो गया है। स्मिथ के परिवार उनके निधन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक दिसंबर को साउथ पर्थ में अपार्टमेंट में स्मिथ का अचानक निधन हो गया। स्मिथ ने 1988 और 1996 के बीच इंग्लैंड के लिए खेले 62 टेस्ट मैचों में 43.67 की औसत से 4,236 रन बनाए, जिसमें नौ शतक भी शामिल थीं, और वह उस टीम का हिस्सा थे जो 1992 विश्वकप फाइनल तक पहुंची थी। एक बयान में, स्मिथ के परिवार ने कहा कि बहुत दुख और नुकसान के साथ हमें यह बताना पड़ रहा है कि रॉबिन अर्नोल्ड स्मिथ का निधन हो गया है। रॉबिन की सोमवार को साउथ पर्थ के उनके अपार्टमेंट में अचानक उनका निधन हो गया। उनकी मौत का कारण अभी पता नहीं चला है।



'रॉबिन स्मिथ एक ऐसे खिलाड़ी थे जो दुनिया के कुछ सबसे तेज गेंदबाजो का डटकर सामना करते थे और मुश्किल तेज गेंदबाजी का सामना एक बहादुर मुस्कान और जबरदस्त हिम्मत के साथ करते थे। वह अपने समय से आगे के बल्लेबाज थे, जिसकी मिसाल 1993 में एजबेस्टन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय में 163 गेंदों पर नाबाद 167 रन की यादगार पारी से मिलती हैं।

**एक नजर में**

### सेमीफाइनल में जिम्नासिया क्लॉसुरा

**ब्यूनस आयर्स.** मैनुअल पानारो और फ्रैंको टोरेस ने दोनों हाफ में किए गये गोलों की बदौलत जिम्नासिया ने बाराकास सेंट्रल को 2-0 से हराकर अर्जेंटीना के प्राइमेरा डिवीजन क्लॉसुरा टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। पनारो ने सोमवार को क्वार्टरफाइनल मुकाबले के 22वें मिनट में जेरेमियास मेर्लो के दाएं फ्लैंक से क्रॉस पर पास से गोल करके मेहमान टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद मेर्लो की जगह दूसरे हाफ में आए टोरेस ने 93वें मिनट में गोलकीपर मार्सेलो मिनो के पास से एक तेज टर्नओवर का फायदा उठाकर खाली नेट में गेंद डालकर बढ़त को दोगुना कर दी अब सेमीफाइनल में जिमनेशिया का मुकाबला एस्टुडिएंट्स से होगा। क्लब डी जिम्नासिया वाई एस्ग्रीमा ला प्लाटा के मैनेजर फर्नांडो जानिराट्टो ने मैच के बाद कहा, 'हमने एक मुश्किल टेस्ट पार कर लिया। हमारा एक और भी बड़ा मैच आने वाला है और हम अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे।' दिन के दूसरे क्वार्टरफाइनल में, रेसिंग ने टाइग्रे को पेनल्टी में 4-2 से हराकर बोका जूनियर्स के साथ सेमीफाइनल जगह बनाई।

### बांग्लादेश ने आयरलैंड को आठ विकेट से हराया

**चटगांव (बंगलादेश).** मुस्तफिजुर रहमान और रिशाद हुसैन (तीन-तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद तंजिद हसन (नाबाद 55) और परवेज हुसैन इमॉन (नाबाद 33) की शानदार पारियों के दम पर बंगलादेश ने मंगलवार को आयरलैंड को तीसरे टी-20 मुकाबले में 38 गेंदें शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। इसी के साथ बंगलादेश ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली। तंजिद हसन को 'प्लेयर ऑफ द मैच' और महेदी हसन को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज के पुरस्कार से नवाजा गया। 118 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगलादेश ने 13.4 ओवर में दो विकेट पर 119 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। तंजिद हसन और सैफ हसन सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 38 रन जोड़े। चौथे ओवर में क्रेग यंग ने सैफ हसन (19) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद कप्तान लिटन कुमार दास सात रन बनाकर पवेलियन लौट गये। परवेज हुसैन इमॉन ने तंजिद हसन के साथ तीसरे विकेट लिए अविजित 73 रनों की साझेदारी कर अपनी टीम को जीत दिला दी। तंजिद हसन ने 36 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 55) रन बनाये। परवेज हुसैन इमॉन ने 26 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के उड़ाते हुए नाबाद 33 रनों की पारी खेली। आयरलैंड के लिए क्रेग यंग और हैरी टेक्टर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड बंगलादेशी गेंदबाजी आक्रमण के आगे 19.5 ओवरों में 117 रन के स्कोर पर ढेर हो गई। आयरलैंड के लिए कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने सर्वाधिक 38 रनों की पारी खेली।

# कीवी बल्लेबाजों पर वेस्टइंडीज के गेंदबाजों का कहर

## न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट के पहले दिन 9 विकेट खोकर बनाए 321 रन

**क्राइस्टचर्च (न्यूजीलैंड) 2 दिसंबर केन विलियमसन (52) और माइकल ब्रेसवेल (47) की जूझारू पारियों की बदौलत न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट मैच के पहले दिन मंगलवार को दिन का खेल समाप्त होने के समय नौ विकेट पर 321 रन बना लिये है। वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज दिन भर जूझते नजर आये।**



आज यहां वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज डेवन कॉन्वे (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये केन विलियमसन ने कप्तान टॉम लेथम के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 93 रनों की साझेदारी हुई। 30वें ओवर में जस्टिन ग्रीव्स ने टॉम लेथम 85 गेंदों में 24 रन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद न्यूजीलैंड ने महज 25 रन जोड़कर अपने दो और विकेट गंवा दिये। रचिन रविंद्र (तीन) और विल यंग 14 रन बनाकर आउट हुये।

# मनिका और टीम को मिली हार

**चेंगदू (चीन) 2 दिसंबर भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा और उनकी टीम मंगलवार को अपने स्टेज 1 के तीनों ग्रुप मैच हारकर आईटीटीएफ मिश्रित टीम विश्व कप 2025 टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं।**

**▸ आईटीटीएफ मिश्रित टीम विश्व कप**

**▸ भारत का अभियान हुआ समाप्त**

जापान, ऑस्ट्रेलिया और क्रोएशिया के साथ ग्रुप 2 में शामिल, आठ सदस्यों वाली भारतीय टीम एक भी मैच नहीं जीत पाई। भारत अब आईटीटीएफ मिश्रित टीम विश्व कप टूर्नामेंट के तीनों एडिशन से पहले स्टेज में ही बाहर हो गया है। अपने अभियान के शुरुआती मुकाबले में भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों को क्रोएशिया ने 8-6 से हराया। ओलंपियन साथियान ज्ञानसेकरन और दिया चिताले पहला मिश्रित युगल मुकाबला आइवर बान और हाना अरापोविक से 2-1 से हार गए, इससे पहले मनिका बत्रा को महिला एकल में ली राकोवैक ने 2-1 से हराया।

**आईपीएल-2026** | नीलामी से ठीक पहले दो दिग्गज खिलाड़ियों का अचानक हटना फ्रेंचाइजियों के प्लान पर बड़ा असर

# मैक्सवेल और अली के बाहर होने से रणनीति में हो सकता है बदलाव



**नई दिल्ली 2 दिसम्बर.** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 की नीलामी से ठीक पहले ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज़ मोईन अली ने नीलामी में हिस्सा न लेने का फैसला किया है। दोनों खिलाड़ियों का अचानक बाहर होना फ्रेंचाइजियों की रणनीतियों को झटका देने वाला कदम माना जा रहा है, खासकर इसलिए क्योंकि दोनों ही अपने-अपने क्षेत्रों में मैच-विनिंग क्षमता रखते हैं और नियमित रूप से आईपीएल का हिस्सा रहे हैं। यह फैसला न सिर्फ नीलामी के संतुलन को प्रभावित करेगा, बल्कि टीमों के संयोजन और विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता पर भी बड़ा असर डाल सकता है।



मैक्सवेल ने इस फैसले की जानकारी सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर साझा की। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि कई 'अविस्मरणीय सीज़नों' के बाद उन्होंने इस साल नीलामी में अपना नाम न डालने का फैसला किया है। हालांकि उन्होंने कारण का खुलासा नहीं किया, लेकिन उनके शब्दों से साफ है कि यह निर्णय सोच-समझकर लिया गया है। मैक्सवेल ने कहा कि आईपीएल ने एक खिलाड़ी और इंसान के रूप में उन्हें बहुत कुछ दिया है और वह इस लीग का हिस्सा बनने के लिए हमेशा आभारी रहेंगे। उनके अनुसार, भारत की ऊर्जा, प्रशंसकों का जुनून और मैदान का माहौल उनके क्रिकेट जीवन का अहम हिस्सा रहा है। उधर, इंग्लैंड के ऑलराउंडर मोईन अली ने भी नीलामी से बाहर होने का फैसला किया है और उन्होंने फाफ डुप्लेसी की तरह पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में खेलने का विकल्प चुना है।